नाम :                                        अनुक्रमांक : ______________

**C/2,000**

# वार्षिक परीक्षा, 2025
# गृह विज्ञान
# कक्षा 11

पूर्णांक : 70

समय : 3 घण्टे 15 मिनट

**नोट—**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 4 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 5 से 9 तक अति लघु उत्तरीय हैं जिनका उत्तर प्रत्येक 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या 10 से 14 तक लघु उत्तरीय हैं जिनका उत्तर प्रत्येक 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 15 से 18 तक विस्तृत उत्तरीय हैं जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

(iv) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

1.

(क) जैव और अजैव तत्वों का संगठन है— (1)

(a) पर्यावरण    (c) जीवन

(b) पारिस्थितिकी    (d) जीवमण्डल

(ख) कौन-सा पर्यावरण का संघटक है— (1)

UPBoardHub

(a) अजैविक संघटक (c) ऊर्जा संघटक

(b) जैविक संघटक (d) इनमें से सभी

(ग) शरीर के सभी भागों की प्रत्येक कोशिका को किसकी आवश्यकता होती है— (1)

(a) भोजन (c) दवाई

(b) फल (d) पोषक तत्व

(घ) मनोरंजन के साधन हैं— (1)

(a) मानवीय (c) भौतिक

(b) सामाजिक (d) इनमें से कोई नहीं

(ङ) कौन-सा साधन प्रत्येक परिवार के पास बराबर होता है— (1)

(a) समय (c) धन

(b) कर्मशक्ति (d) घर

2.

(क) जब एक से अधिक तन्तुओं को मिलाकर धागा तैयार किया जाता है उसे कहते हैं— (1)

(a) मिश्रित धागा (c) इकहरा धागा

(b) साधारण धागा (d) डोरी

(ख) एफ.एम. तकनीक की शुरुआत भारत में सर्वप्रथम कहाँ से हुई ? (1)

(a) मुम्बई (c) दिल्ली

(b) चेन्नई (d) कोलकाता

UPBoardHub

(ग) संचार का माध्यम होता है— (1)

(a) सूचना देना
(b) विचारों को दूसरों तक पहुँचाना
(c) विषय से सम्बन्धित जानकारी
(d) इनमें से सभी

(घ) स्वास्थ्य का आयाम पक्ष है— (1)

(a) शारीरिक
(b) मानसिक
(c) सामाजिक
(d) इनमें से सभी

(ङ) पोषण और .................. के बीच घनिष्ठ पारस्परिक सम्बन्ध है। (1)

(a) विज्ञान
(b) संतुलित
(c) परिवेश
(d) स्वास्थ्य

3.

(क) समय योजना बनाते समय किन कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए ? (1)

(a) आवश्यक कार्य
(b) ऐच्छिक कार्य
(c) मनोरंजन कार्य
(d) धार्मिक कार्य

(ख) बंगाल की लोकप्रिय कसीदाकारी है— (1)

(a) कसूती
(b) फुलकारी
(c) कोथा
(d) चिकनकारी

(ग) शैशवावस्था शुरू होती है— (1)

(a) 4-5 माह
(c) 6-8 माह
(b) 5-6 माह
(d) 4-12 माह

(घ) शरीर ठिगना होना लक्षण है— (1)

(a) सुपोषण
(c) अल्प-पोषण
(b) कुपोषण
(d) पौष्टिक तत्वों का पोषण

(ङ) शिशु अपनी जरूरतें पूरी करते हैं— (1)

(a) दालों के सेवन से
(c) माँ के दूध से
(b) दूध से
(d) फलों के जूस से

4.

(क) बच्चों में .................. प्रक्रिया लगातार होती रहती है। (1)

(a) वृद्धि
(c) संतुलित भोजन
(b) ज्ञान
(d) वृद्धि व विकास

(ख) मानव के लिए भावाभिव्यक्तीकरण का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है— (1)

(a) परिधान
(c) मकान
(b) शिक्षा
(d) व्यापार

(ग) मौद्रिक आय, वास्तविक आय तथा आत्मिक आय को सम्मिलित रूप से कौन-सी आय कहते हैं ? (1)

(a) प्रत्यक्ष आय
(c) प्रमाणित आय
(b) अप्रत्यक्ष आय
(d) पारिवारिक आय

(घ) धुलाई मशीन से बचत होती है— (1)

UPBoardHub

(a) श्रम और समय की (c) समय की

(b) अर्थ एवं श्रम की (d) किसी की नहीं

(ङ) गोंद का प्रयोग किस प्रकार के वस्त्रों में कड़ापन लाने के लिए किया जाता है— (1)

(a) सूती (c) ऊनी

(b) सिल्क (d) पॉलिएस्टर

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

5.

(क) संतुलित आहार से क्या आशय है ? (1)

(ख) संसाधन को परिभाषित कीजिए। (1)

6.

(क) जनसंचार क्या है ? (1)

(ख) स्वास्थ्य के आयाम बताइए। (1)

7.

(क) विकास के विभिन्न प्रकार बताइए। (1)

(ख) वृद्धि से क्या आशय है ? (1)

8.

(क) बच्चों में अच्छे पोषण का क्या योगदान है ? (1)

(ख) एम. एम. आर. टीका किसलिए लगाया जाता है ? (1)

9.

(क) मानसिक आय से क्या आशय है ? (1)

UPBoardHub

(ख) पारिवारिक बजट से आप क्या समझतं हैं ? (1)

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

10.

(क) आर. डी. ए. और आवश्यकता के बीच अन्तर बताइए। (2)

(ख) प्राकृतिक संसाधन तथा सामुदायिक संसाधन क्या है ? (2)

11.

(क) कुपोषण के प्रकारों का उल्लेख कीजिए। (2)

(ख) समय-संसाधनों और स्थान-संसाधनों का वर्णन कीजिए। (2)

12.

(क) विश्व में भारतीय कपास तथा उसकी कताई बुनाई के योगदान स्पष्ट कीजिए। (2)

(ख) विद्यालय-पूर्व अवस्था वाले बच्चों के लिए कम लागत वाले अल्पाहार का उल्लेख कीजिए। (2)

13.

(क) पारिवारिक बजट से प्राप्त होने वाली मुख्य सूचनाओं का उल्लेख कीजिए। (2)

(ख) साबुन और डिटर्जेन्ट में अन्तर लिखिए। (2)

14.

(क) आप कपड़े क्यों पहनते हो ? कारण बताइए। (2)

(ख) आय प्रबन्धन का अर्थ लिखिए। (2)

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

UPBoardHub

15. पोषण सम्बन्धी मुख्य समस्याओं और उसके परिणाम बताइए। (5)

**अथवा**

समय और गतिविधि योजना के विभिन्न चरणों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

16. विकास के विभिन्न क्षेत्रों का परिचय उदाहरण सहित दीजिए। (5)

**अथवा**

शिशुओं तथा छोटे बच्चों की स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बन्धी समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

17. संसाधनों की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (5)

**अथवा**

सूत उत्पादन के वे दो पहलू कौन-से हैं ? जिन्होंने भारतीय कपड़ों को विश्वविख्यात बना दिया ?

18. पारिवारिक बजट का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा पारिवारिक बजट बनाने के सिद्धान्तों का भी उल्लेख कीजिए। (5)

**आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं**